# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

# RANCHI REGION

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

## SESSION ENDING EXAMINATION 2018 - 19

**CLASS - XI** **MARKS 80**

**SUBJECT : HINDI CORE** **TIME : 3 HOURS**

---

**सामान्य निर्देश –**

(क) इस प्रश्न – पत्र में तीन खंड हैं – क,ख एवं ग ।

(ख) सभी खंड से उत्तर देना अनिवार्य है ।

(ग) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न की क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

(घ) इस प्रश्न – पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं ।

---

## खंड – क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– (2x4)(1x2)=10

आजकल विचारकों का ध्यान इस सवाल की ओर बार – बार जाता है कि आज से सौ – पचास वर्ष बाद भारत का रूप क्या होनेवाला है। क्या वह ऐसा भारत होगा, जिसे विवेकानंद और गाँधी पहचान सकेंगे अथवा बदलकर वह पूरा का पूरा अमेरिका और यूरोप बन जाएगा? पिछले डेढ़ सौ वर्षों से भारत आधुनिकता की ओर बढ़ता जा रहा है लेकिन समझा यह जाता है कि भारत अब भी आधुनिक देश नहीं है, वह मध्यकालीनता से आच्छन्न है। स्वतंत्रता के बाद से आधुनिकता का प्रश्न अत्यंत प्रखर

हो रहा है, क्योंकि चिंतक यह मानते हैं कि हमने अगर आधुनिकता का वरण शीघता के साथ नहीं किया तो हमारा भविष्य अंधकारपूर्ण हो जाएगा। अतएव यह प्रश्न अनिवा है कि आधुनिक बनने पर भारत का कौन सा रूप बचनेवाला है और कौन मि जानेवाला है।

नैतिकता, सौंदर्यबोध और अध्यात्म के समान आधुनिकता कोई शाश्वत मूल्य नहीं है सच पूछिए तो वह मूल्य है ही नहीं, वह केवल समय – सापेक्ष धर्म है। नवीन युग सम पर आते ही रहते हैं और जैसे आज के नये जमाने पर आज के लोगों को गर्व है, उस तरह हर जमाने के लोग अपने जमाने पर गर्व करते रहे हैं। संसार का कोई भी समा किसी भी समय इतना स्वाभाविक नहीं रहा कि वह हर आदमी को पसंद हो और को समाज ऐसा भी नहीं बना है जिसके बाद का काल उसका आलोचक न रहा हो।

(क) सौ पचास वर्ष बाद भारत का रूप कैसा होनेवाला है? यह रूप परिवर्तन किस कारण होगा? 2

(ख) आधुनिकता की ओर बढ़ते भारत को अभी भी क्या समझा जाता है और क्यों? 2

(ग) भारत की स्वतंत्रता के बाद भारत के सम्मुख कौन–सा प्रश्न सबसे महत्वपूर्ण और क्यों? 2

(घ) गद्यांश के अनुसार आधुनिकता क्या है? 2

(ङ) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(च) 'नैतिकता' और 'स्वाभाविक' में प्रत्यय बताइए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1x6=6

फिर से आता नहीं समय, जो एक बार चला गया,

जग में कहीं बाधा – रहित कब कौन काम हुआ भला।

'बहती नदी सूखे अगर उस पार मैं इसके चलूँ' –

इस सोच में बैठा पुलिन पर, पार जा सकता भला?

किस रीति से क्या काम, कब करना, बनाकर योजना,

मन में लिए आशा प्रबल, अनुकूलता सब ओर से

वह कर्मयोगी, वीर, अनुपम साहसी सुख पाएगा।

यह वीरभोग्या, जो हृदयतल में बनी वसुधा सदा,

करती रही आह्वान है, युग – वीर का, पुरुषत्व का।

कठिनाइयों में खोजकर पथ, ज्योति पूरित जो करे,

विजयी वही होता धरणि – सुत वरण कर अमरत्व का।।

प्रश्न –

(क) बहती नदी के उदाहरण से कवि ने क्या बताना चाहा है? 1

(ख) जीवन में कैसे व्यक्ति प्रगति करते हैं? 1

(ग) वसुंधरा किसका आह्वान करती है और क्यों? 1

(घ) दृढ़निश्चयी वीर को क्या – क्या लाभ प्राप्त होते हैं? 1

(ङ) 'धरणि – सुत' किसे कहा गया है? क्यों? 1

(च) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खंड–'ख'

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए –

(क) राष्ट्रीय एकता : विद्यार्थियों का योगदान

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ग) सबसे बड़ा सुख

(घ) आधुनिक शिक्षा पद्धति

4. किसी समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए जिसमें समाज में व्याप्त भ्रष्टाच
के प्रति चिंता व्यक्त की गई हो।

**अथवा**

सड़कों की दुर्दशा पर खेद व्यक्त करते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1x

(क) संचार से क्या समझते हैं?

(ख) प्रिंट माध्यम के दो उदाहरण दें ?

(ग) उल्टा पिरामिड शैली क्या है?

(घ) छापाखाना का आविष्कार किसने किया ?

6. 'शहरों में बढ़ता प्रदूषण' अथवा 'महँगाई की समस्या'' विषय पर आलेख लिखिए।

**अथवा**

'गुम होता बचपन विषय पर फीचर लिखिए।

## खंड–'ग'

7. निम्नांकित काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x3=6

हम तौ एक–एक करि जांनां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिन पहिचानां।।
एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समानां।
एकै खाक गढ़ै सब भाड़ै एकै कोहरा सानां।।
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।
माया देखि के जगत् लुभानां काहे रे नर गरबानां।
निरभै भया कछू नहिं ब्यापै कहै कबीर दिवानां।।

प्रश्न –

(क) कबीर ने कैसे सिद्ध किया है कि ईश्वर एक है?

(ख) कबीर ने किन्हें अज्ञानी माना है?

(ग) कबीर ने खुद को दीवाना क्यों कहा है?

**अथवा**

अंधकार की गुहा सरीखी
उन आँखों से डरता है मन,

भरा दूर तक उनमें दारूण
दैन्य दुख का नीरव रोदन!
वह स्वाधीन किसान रहा,
अभिमान भरा आँखों में इसका
छोड़ उसे मँझधार आज
संसार कगार सदृश बह खिसका।

प्रश्न –

(क) कवि को किसकी आँखें गुहा सरीखी लगती हैं? क्यों?

(ख) किसान की आँखों में क्या – क्या समाया हुआ है?

(ग) किसान के अतीत और वर्तमान में क्या अंतर है?

8. निम्नांकित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए:–

छाँड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहै कोई?
संतन ढिग बैठि – बैठि, लोक – लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि – सींचि, प्रेम – बेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गयी, आणंद फल होयी।

प्रश्न –

(क) काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) काव्यांश का शिल्प – सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) मीरा को आनंद फल की प्राप्ति कैसे हुई?

9. निम्नांकित प्रश्नों में से दो के उत्तर दीजिए– 2x2

(क) घर की याद कविता में कवि अपनी किस स्थिति एवं मनः स्थिति को अपने परिजनों से छिपाना चाहता है ?

(ख) ''दरख्तों के साये में धूप लगती है' – से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ग) कवयित्री अविश्वास भरे दौर में थोड़ा – सा विश्वास क्यों चाहती है ?

10. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 2+2+2+1

बिछड़न समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुःख है। माइ लार्ड! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुःखित हुए। वे दिन – रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान् यहाँ से पधारें। पर अहो! आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछड़न बड़ा करुणोत्पादक होता है, बड़ा पवित्र, बड़ा निर्मल और बड़ा कोमल होता है। वैर – भाव छूटकर शांत रस का आविर्भाव उस समय होता है।

(क) बिछड़न समय से क्या आशय है? वह करुणोत्पादक क्यों होता है?

(ख) भारतवासी किसके दूसरी बार भारत आने से अप्रसन्न थे? वे दिन–रात क्या दुआ मनाते थे?

(ग) वैर – भार छूटकर शांत रस का आविर्भाव कब और क्यों होता है?

(घ) लेखक ने लार्ड कर्जन के लिए 'माइ लार्ड' का प्रयोग क्यों किया है?

11. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए – 3x3

(क) मुंशी वंशीधर एवं पंडित अलोपीदीन की तीन – तीन चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ख) रजनी ने सबसे बड़ा गुनहगार किसे और क्यों माना है ?

(ग) पंडित नेहरू ने 'भारत माता' का क्या अर्थ बताया ?

(घ) "उतर गए वे जमाने। और गए वे कद्रदान जो पकाने–खाने की कद्र करना जानते थे। मियाँ अब क्या रखा है.... निकाली तंदूर से – निगली और हजम!" – इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

12. निम्नांकित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 4x1

(क) लता मंगेशकर के गायन की पाँच विशेषताएँ बताइए।

(ख) राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं? इसका निर्माण कैसे किया जाता है?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4x2

(क) "चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिए हैं"– इस संदर्भ में लेखक की राय क्या है? क्या आप उनसे सहमत हैं?

(ख) लेखिका (बेबी हालदार) को तातुश अपनी बेटी की तरह मानते थे , कैसे ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) राजस्थान में कुंई की चिनाई के कौन–कौन से तरीके हैं? किसी एक का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।